**डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।**
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow.**
उत्तर प्रदेश सरकार,
मोहान रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226 017
वेबसाइट : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक :–78/क्रीडा एवं योग प्रकोष्ठ/DSMNRU/2023–24, दिनांक–17 अगस्त, 2023

# //सूचना//

विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत अध्ययनरत् समस्त सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों/खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है कि भारत की आज़ादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित **''आज़ादी का अमृत महोत्सव''** कार्यक्रम के अन्तर्गत **'मेरी माटी, मेरा देश' (09 अगस्त से 30 अगस्त, 2023 तक)** चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में यथा **वाद–विवाद एवं निबन्ध लेखन प्रतियोगिता (विषय ''स्वतंत्रता संघर्ष, विभाजन की त्रासदी, एक भारत श्रेष्ठ भारतः'') एवं खेलकूद प्रतियोगिता ''(अ) बैडमिन्टन–विभिन्न वर्गों में (ब) जूडो–विभिन्न वर्गों में (स) शतरंज (दृष्टिबाधितार्थ)** दिनांक 25.08.2023 से 30.08.2023 के मध्य आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

उक्त के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के इच्छुक विद्यार्थीगण/खिलाड़ी अपना पंजीकरण निर्धारित प्रारूप पंजीकरण स्थल से प्राप्त कर दिनांक 22.08.2023 तक करा सकते हैं। दिनांक 22.08.2023 सायं 06:00 बजे के उपरान्त नया पंजीकरण नहीं किया जायेगा।

पंजीकरण निम्नलिखित प्रशिक्षकों के पास **सायं 03:00 बजे से 06:00 बजे के मध्य विशिष्ट स्टेडियम** में किया जायेगा।

(अ) बैडमिन्टन–श्री इरशाद अहमद (बैडमिन्टन कोच)
(ब) जूडो–श्री गौरव अवस्थी (जूडो कोच)
(स) शतरंज (दृष्टिबाधितार्थ)–श्री प्रशान्त राजावत (जिम ट्रेनर)
(द) लेखन एवं निबन्ध प्रतियोगिता–श्री शुभम सिंह (एथलेटिक कोच)

**(प्रो० पी० राजीवनयन)**
निदेशक
क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ

**पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वैयक्तिक सहायक मा0 कुलपति महोदय, माननीय कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ कि विद्यार्थियों को प्रतिभाग हेतु प्रेरित करने का कष्ट करें।
3. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
4. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
5. कुलानुशासक, विश्वविद्यालय।
6. चीफ प्रोवोस्ट, पुरूष छात्रावास एवं अतिरिक्त चीफ प्रोवोस्ट, महिला छात्रावास को नोटिस बोर्ड पर चश्पा कराने हेतु।
7. सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

**(प्रो० पी० राजीवनयन)**
निदेशक
क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ

Scanned with OKEN Scanner